भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1913**

दिनांक 17.12.2013/26 अग्रहायण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

**तिपहियों की खरीद**

**1913. श्री बालकृष्ण खांडेराव शुक्ल:**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नि:शक्तों के लिए हजारों तिपहियों की खरीद की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या एमसीडी अधिकारियों की उपेक्षा के कारण उक्त तिपहिया वाहन पड़े-पड़े बेकार हो गए हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ड.) क्या सरकार ने इस संबंध में कोई जांच की है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसका परिणाम क्या है और इसके जिम्मेदार पाए गए अधिकारियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) और (ख) : दक्षिण दिल्ली नगर पालिका ने सूचित किया है कि पूर्ववर्ती संयुक्त नगर पालिका की अवधि में 1610 तिपहिया वाहनों की खरीद की गई थी और 12 ज़ोनों में नि:शक्त व्यक्तियों के बीच बांटने के लिए दी गई थी। चूंकि, ये तिपहिया वाहन माननीय महापौर, उप महापौर, स्थायी समिति के अध्यक्ष, सदन के नेता और विपक्ष के नेता तथा क्षेत्र के पार्षदों की सिफारिशें के आधार पर बांटी जानी थीं, इसलिए आवश्यक सिफारिशें प्राप्त न होने के कारण शेष तिपहिया वाहन बांटे नहीं जा सके।**

**(ग) से (च) : उपर्युक्त (क) और (ख) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।**

*****